वार्ड 01 में बनने वाले एसएलआरएम सेंटर का स्थानीय पार्षद ने किया भूमिपूजन

भिलाईनगर। निगम क्षेत्र अंतर्गत निकलने वाले कचरों के निष्पादन कार्य में और तेजी लाने नया एसएलआरएम सेंटर बनाया जाएगा। वार्ड 01 की पार्षद नेहा महेन्द्र साहू, एल्डरमेन व स्थानीय नागरिकों की उपस्थिति में भूमिपूजन किया गया। नगर पालिक निगम , भिलाई में एक और एसएलआरएम सेंटर बनाने के लिए शासन से स्वीकृति मिलने के बाद खम्हरिया में बनने वाले एसएलआरएम सेंटर का कार्य शीघ्र ही प्रारंभ किया जाएगा। वर्तमान में भिलाई निगम में 5 स्थान पर एसएलआरएम सेंटर संचालित है , जहां झिल्ली, पन्नी, प्लास्टिक, कपड़ा, कांच, पॉलिथीन एवं गीले कचरे आदि को पृथकीकरण कार्य शीघ्रता से किया जाता है। खम्हरिया में एसएलआरएम सेंटर के लिए आज भूमिपूजन कार्यक्रम हुआ , जिसमें स्थानीय पार्षद नेहा महेन्द्र साहू व एल्डरमेन शादाब अहमद , केशव चौबे, चंद्रशेखर गवइ, महेंद्र साहू, आनंद डोंगरे, भोला साहू, रिखीराम साहू व क्षेत्र के वरिष्ठ नागरिकों की उपस्थिति में विविधत भूमिपूजन किया गया। जोन 01 के सहायक अभियंता सुनील दुबे ने बताया कि वार्ड 01 खम्हरिया में नये बनने वाले एसएलआरएम सेंटर हेतु 21 लाख 50 हजार की स्वीकृति हुई है, जिसका कार्यादेश जारी किया जा चुका है शीघ्र ही निर्माण शुरू किया जाएगा। खम्हरिया के मुक्तिधाम के समीप एसएलआरएम सेंटर 627 वर्गमीटर में बनेगा जिसके लिए फेंसिंग कार्य भी किया जाएगा। बारिश के सीजन में कीचड़ गंदगी न हो इसके लिए पेवर ब्ला ॅक, वहां काम करने वाले कर्मचारियों के लिए पेयजल एवं टायॅलेट की समुचित व्यस्था की जाएगी , मेन रोड कचरा वाहन आने जाने एप्रोच रोड बनाने के साथ ही सभी तरह की सुविधा होगी! निगम प्रशासन द्वारा संचालित एसएलआरएम सेंटर में संपूर्ण निगम क्षेत्र से निकलने वाले कचरे को वहां एकत्रित करने के बाद सभी तरह के गीले एवं सूखे कचरे को अलग अलग किया जाता है। गीले कचरों को पृथक करने के बाद खाद बनाया जाता है, इसी प्रकार लोहा , टीना, प्लास्टिक, कांच व कपड़े के सूखे कचरे को पृथक किए जाने के बाद प्लास्टिक के कचरे को बेलिंग मशीन की सहायता से बंडल बनाया जाता है जिसकी प्रदेश के सीमेंट कंपनियों में मांग बढ़ने लगी है। भिलाई निगम क्षेत्र में प्रतिदिन बहुतायत मात्रा में कचरा निकलता है , खम्हरिया में नया सेंटर बनने से कचरों के निष्पादन का कार्य और भी शीघ्रता के साथ होने लगेगा। खमरिया में बनने वाले एसएलआरएम सेंटर के लिए संबंधित एजेंसी को कार्य समाप्त करने के लिए 4 माह का समय प्रदान किया गया है! भूमि पूजन के कार्यक्रम में उपस्थित स्थानीय पार्षद नेहा महेंद्र साहू ने कहा कि निगम के महापौर श्री देवेंद्र यादव वार्ड क्रमांक 1 के विकास के लिए निरंतर प्रयास करते रहे हैं यहां पर प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत कार्य किया जा रहा है , उद्यान निर्माण भी किया गया है, उच्च स्तरीय जलागार का भी निर्माण किया जा रहा है , इस प्रकार से बहुत सारे ऐसे काम है जो जनता से जुड़े हुए हैं जिन्हें महापौर के द्वारा कराया गया है!